## खबर संक्षेप



### जरूरतमंद बच्चों को वितरित की जर्सियां

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी में मंगलवार को सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर व समाजसेवी ओमप्रकाश कांबोज ने जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचने के लिए 23 जर्सियां वितरित की। समाजसेवी ओमप्रकाश कांबोज ने कहा कि सभी को जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए आगे आना चाहिए। तभी हम मानवता की सच्ची सेवा कर सकते हैं। हम सभी को समाजसेवा से जुड़े कार्यों में अपनी भागेदारी निभानी चाहिए।

### ससुराल पक्ष के लोगों ने दामाद पर किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की राजेश कॉलोनी में अपनी पत्नी को समझाने के लिए ससुराल गए दामाद व उसके परिवार के लोगों पर ससुराल पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने लड़के पक्ष के एक व्यक्ति को बंधक बना लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद ससुराल पक्ष के तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कंप्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण कोर्स में दाखिले शुरू

**कुरुक्षेत्र।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये जिला रेड क्रॉस भवन, कुरुक्षेत्र में सरबत दा भला ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के कंप्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण कोर्स के नए बैच के लिए प्रवेश आरंभ हो चुके हैं।

### रैंकिंग एजेंसियों व डेटा विश्लेषण को लेकर चर्चा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र प्रबंधन अध्ययन संस्थान द्वारा यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के सहयोग से 1 दिसंबर 2023 से संचालित फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम में 21 से 23 दिसम्बर के बीच भारतीय शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता को लेकर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। 21 को केयू के जियोफिजिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार बताया की नैक एवं एनआईआरएफ एजेंसियों के माध्यम से भारतीय शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता को मापने और सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का जगाधरी व साढ़ौरा खंड के आधा दर्जन गांव में पहुंचने पर हुआ स्वागत

# अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है विकसित भारत संकल्प यात्राः कंवरपाल

- यात्रा के दौरान एक ही स्थान पर लाभार्थियों को लाभ मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है। इस यात्रा के दौरान एक ही स्थान पर लाभार्थियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने मंगलवार को जगाधरी विधासभा क्षेत्र के गांव शाहपुर जट्टान व सलेमपुर खादर गांवों में यात्रा का पहुंचने पर स्वागत किया और मौके पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को केंद्र व प्रदेश की योजनाओं से अवगत करवाया। मौके पर उन्होंने लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई।

### सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही लाभः शिक्षा मंत्री

जरूरतमंद लोगों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, बीपीएल कार्ड, अंत्योदय योजना का लाभ, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण सहित अन्य योजनाओं का लाभ देकर अंत्योदय के सपने का साकार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ लाभ मिल रहा है। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। मौके पर उन्होंने लाभार्थियों को बुढ़ापा पेंशन के प्रमाण पत्र व बीपीएल कार्ड के पत्र सौंपे।

## हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी खंड के दो गांव में यात्रा का पहुंचने पर किया स्वागत

### साढ़ौरा के बनकट समेत चार गांव में पहुंची यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

साढ़ौरा क्षेत्र के गांव बनकट, पिरथीपुर, खानुवाला व दरियापुर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका मौजूद रहे। पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा असल में जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने की गारंटी है। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारत व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और विकसित भारत बनाने की शपथ भी आमजन को दिलाई। इस अवसर पर स्वामित्व योजना के तहत आरफ अली, नुसरद्दीन, देवी दयाल, रवि कुमार व भीम सिंह को रजिस्ट्री वितरित की। जरीना बेगम, सुरेन्द्र कुमार, बलिन्द्र सिंह, महेन्द्र पाल के मौके पर बीपीएल कार्ड बनाए गए तथा कमारे, अमरजीत व ज्ञान चंद की मौके पर पेंशन बनाई गई। इस अवसर पर गांव पिरथीपुर में प्रगतिशील किसान अजमेर सिंह, कर्म सिंह, नूरद्दीन, जोगिन्द्र सिंह, गुलामदीन, रणबीर, राजेश कुमार, राज कुमार को सम्मानित किया गया। आंगनवाड़ी वर्कर मधु बाला व स्कूल में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सारिख, मोहम्मद आमिर, दिव्या व शाईना को भी मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया।



**यमुनानगर।** साढ़ौरा क्षेत्र के गांव बनकट में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भेंट करते पूर्व विधायक बलवंत सिंह।



**यमुनानगर।** जगाधरी विधानसभा के गांव शाहपुर जट्टान में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

## नगर निगम के मेयर ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# निगम के सभी वार्डों में करवाए 302 करोड़ रुपये के विकास कार्यः मेयर

ट्विन सिटी के गोबिंदपुरा में 3.03 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुए विकास कार्यों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर द्वारा ट्विन सिटी के वार्ड संख्या 22 स्थित गोविंदपुरा में 3.03 करोड़ रुपये की लागत के करवाए गए विकास कार्यों का मेयर मदन चौहान व स्थानीय पार्षद सविता कांबोज ने लोकार्पण किया। मौके पर गोविंदपुरा के लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर मेयर मदन चौहान का स्वागत किया और विकास कार्य करवाए जाने के लिए उनका आभार प्रक्ट किया।

मेयर मदन चौहान ने बताया कि गोविंदपुरा में जो विकास कार्य करवाए गए हैं। उनमें 25 लाख रुपये की लागत से बनाए गए रानी लक्ष्मी बाई सामुदायिक केंद्र, गोविंदपुरा व संजय विहार में अमृत योजना हर घर तक जल योजना के तहत 72 लाख की लागत से पीने के पानी की पाइप लाइन का कार्य, 27 लाख की लागत से गोविंदपुरा की फिरनी के विकास का कार्य, 37.40 लाख की लागत से गोविंदपुरा की 13 गलियों का निर्माण, 6.72 लाख की लागत बलिदानी वीर उधम सिंह द्वार का निर्माण, 92 लाख की लागत से गोविंदपुरा में दो तालाबों का जीणारे्द्धार व 43 लाख रुपये की लागत से गोविंदपुरा के श्मशान घाट का विकास कार्य शामिल है। इन सभी विकास कायोंर् को आमजन को समर्पित किया गया।

उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा हर वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य हो चुके हैं और करोड़ों के ही निर्माणाधीन हैं। जिन्हें जल्द पूरा किया जाएगा। अब तक नगर निगम के सभी 22 वाडोंर् में लगभग 302 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं। सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट व पार्क के सौंदर्यीकरण के कार्य प्रगति पर हैं। नगर निगम द्वारा वार्ड 22 में 14 करोड़ 52 लाख 38 हजार 549 रुपये की लागत से कुल 59 विकास कार्य कराए गए। जिससे वार्ड के काफी लोगों को राहत मिली है। हर अप्रूवड कॉलोनी में पक्की सड़कें, निकासी के लिए पाइप लाइन, सीवरेज, पेयजल की सुविधाएं व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा न्यू अप्रूवड कॉलोनियों में भी करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए गए। जिन विकास कायोंर् का लोकार्पण किया गया है। वे सभी विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। उन्हें आमजन को समर्पित किया गया। इसके अलावा जो अभी निर्माणाधीन हैए उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा।



**यमुनानगर।** गोविंदपुरा में कराए गए विकास कायोंर् का लोकार्पण करते मेयर मदन चौहान व पार्षद सविता कांबोज।



## चार साहिब जादों के बलिदान दिवस पर नेकी की दीवार का किया उद्घाटन

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में नेकी की दीवार का उद्घाटन कर चार साहिबजादों के बलिदान व साहस की भावना को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान दिवस को गुरु नानक खालसा कॉलेज में वीर बाल दिवस के रुप में मनाया गया। इस दौरान चार साहिबजादों के बलिदान और साहर को भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए नेकी की दीवार का उद्घाटन किया गया। नेकी की दीवार का उद्घाटन रिबन काटकर किया गया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने कहा कि अच्छाई की यह प्रतीकात्मक दीवार चार साहिबजादे द्वारा प्रचारित मूल्यों के प्रमाण के रूप में खड़ी है और इसका उद्देश्य दयालुता के कायोंर् को प्रेरित करना है। नेकी की दीवार हमारे कॉलेज समुदाय के भीतर निस्वार्थ कायोंर् को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता का एक दृश्य प्रतिनिधित्व है। जिसका उद्घाटन कर चार साहिबजादों के बलिदान, साहस और वीरता को एक भावभीनी श्रद्धांजलि है।

मौके पर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. कमलप्रीत कौर व डॉ. बोधराज ने मुख्य अतिथि रोटरी यमुनानगर रिवेरा के अध्यक्ष राजबीर सिंह जग्गी का स्वागत किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुरु नानक खालसा कॉलेज अकादमिक दायरे से परे मूल्यों को स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर डॉ. कमलप्रीत कौर, डॉ. इकबाल सिंह, डॉ. तिलक राज, डॉ. जोशप्रीत सिंह, प्रो. एतेंदर सिंह, प्रो. जसप्रीत सिंह आदि ने चारों साहिबजादों को याद कर उनकी शहादत को नमन किया।

## रक्तदान करने से बचाई जा सकती हैं बहुत सी जिंदगियां : कांबोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- शहीद उधम सिंह कांबोज की जयंती पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन
- शिविर में एकत्रित हुआ 100 यूनिट रक्त

शिरोमणि शहीद उधम सिंह कांबोज की 124वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को कांबोज धर्मशाला में 12वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कांबोज धर्मशाला के प्रधान राजिंद्र रादौरी ने की। रक्तदान शिविर में 100 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में रैडक्रॉस सोसायटी की टीम में शामिल दीपा, रविंद्र पराशर, ज्योति हांडा, अनिल मेहता, अनुज मेहता, पूजा व पवन ने डॉ.हरीश शर्मा के नेतृत्व में अपनी सेवाएं दी। प्रधान राजिंद्र कांबोज रादौरी ने कहा कि शहीद उधम सिंह कांबोज की याद में हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें बिरादरी के लोगों के अलावा समाज के लोग भी बढ़ चढ़कर योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि रक्त विश्व की किसी भी फैक्टरी में नहीं बनता। यह केवल एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य को दिया जा सकता है। रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद का जीवन बचाकर सामाजिक कार्य कर सकते हैं। इस अवसर पर मान सिंह आर्य, कमल चमरोड़ी, जयप्रकाश कांजनू, डॉ.सतीश कांबोज, अनुराग कांबोज, रणबीर सिंह, राजेश रतनगढ़, शिवकुमार संधाला, राजेश जयपुर, विपिन, प्रदीप मंधार, आयुष दोहली आदि मौजूद थे।



### हजारों की हेरोइन सहित नशातस्कर गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस ने एंटी नारकोटिक सेल ने हजारों रुपये की हेरोइन के साथ एक नशातस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 10 ग्राम 44 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले की जांच कर रहे एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी बलराज सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव हड़तान में एक युवक अवैध नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने इंस्पेक्टर सतनाम सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजी। जांच टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया और मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में डीएसपी रादौर गुरमेल सिंह को बुलाया गया।

## महिलाओं व छात्राओं को वितरित की न्यूट्रिशन किट

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जमना ऑटो इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में मंगलवार को जरुरतमंदो को लिए प्रताप नगर सीएचसी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जरुरतमंदो को न्यूट्रिशन किट समेत अन्य सामान वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। कार्यक्रम में 35 महिलाओं व 170 छात्राओं को न्यूट्रिशन किट भेंट की गई। वहीं, चार दिव्यांगों को व्हीलचेयर तथा कई जरूरतमंद व्यक्तियों को हियरिंग एड्स दिए गए। वहीं, दो टीबी रोगियों को इलाज व सेहत के लिए टीबी किट भेंट की गई। मौके पर मुख्यातिथि एवं शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जमना ऑटो इंडस्ट्रीज की कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए सराहना की। उन्हों कहा कि जमना ऑटो शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। वहीं, इस संस्था द्वारा शिवालिक की बेल्ट में बसे पिछडे क्षेत्र के गांवों को गोद लेकर मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं जो काफी सराहनीय हैं। उन्होंने जमना ऑटो इंडस्ट्री के चेयरमैन रणदीप सिंह की ऑर्गेनिक फामिंर्ग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं व स्कूल की छात्राओं को न्यूट्रिशन किट दिए जाने से सेहत में सुधार आएगा। मौके पर इंडस्ट्री की सीएसआर हेड संयम मराठा ने कहा कि संस्था का हमेशा प्रयास रहता है कि स्टूडेंट्स का सवांर्गीण विकास किया जाए। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए अच्छे अवसर मिलें। पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए संस्था की ओर से सिलाई सेंटर शुरू किए गए हैं। जिससे महिलाएं कपड़े के थैले आदि तैयार कर अपनी आमदनी बढ़ा सके। महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए शौचालय, जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क मोतियाबिंद का इलाज संस्था की ओर से कराया जाता है।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के सीएचसी प्रतापनगर में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को न्यूट्रिशन किट भेंट करते शिक्षा मंत्री कंवरपाल। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सीएचसी के एसएमओ डॉ. जितेंद्र कुमार, मेडिकल ऑफिसर डॉ. परमिंदर पाल, डेंटिस्ट डॉ. जितेंद्र कुमार,नीलम व रमेश बत्रा आदि मौजूद थे।

## वर्ष 2023 में पुलिस की रही नशातस्करों पर कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वर्ष 2023 जिले में नशातस्करों पर काफी भारी रहा है। इस वर्ष पुलिस ने वर्ष भर नशातस्करों पर शिकंजा कसना जारी रहा। गत 25 दिसंबर तक जिले में नशातस्करी के करीब 176 मामले दर्ज किए गए और उनमें 318 लोगों की गिरफ्तारी हुई। यानि जिले में इस वर्ष औसतन हर दूसरे दिन नशातस्करी का मामला दर्ज हुआ। मगर इसके बावजूद जिले में नशा का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि पुलिस नशातस्करों पर शिकंजा कसने के लिए खोजी कुत्तों का भी सहारा ले रही है और लोगों को भी नशा का धंधा करने वालों के बारे में बताने के लिए जागरुक कर रही है। मगर इसके बावजूद नशातस्कर बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2023 में गत 25 दिसंबर तक जिले में नशातस्करी के करीब 176 मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें करीब 318 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है। इन मामलों में पुलिस ने लाखों रुपये की 2.150 किलोग्राम अफीम बरामद की गई है। वहीं, 36. 436 किलोग्राम चूरापोस्त, 111 ग्राम 14 मिलीग्राम चरस, 24 किलोग्राम गांजा, 1.471 किलोग्राम स्मैक बरामद की गई।



गंगाराम पुनिया।

## शहीद ऊधम सिंह जयंती पर विद्यार्थियों ने जीवन में नशा न करने की ली शपथ

# नशे के कारण प्रत्येक चार सैकेंड में एक की मृत्यु होना चिंताजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशानुसार मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंटावा व राजकीय वरिष्ठ माध्यकि विद्यालय टोपरा कलां में नशा विरुध जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने भाग लिया। दोनों स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों को नशा जैसी बुराई से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई गई। मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा दो प्रकार का है। एक प्रतिबंधित और दूसरा अप्रतिबन्धित। दोनों प्रकार के ही नशे मनुष्य के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति वर्ष भारत में 17 लाख लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। केवल धूम्रपान के कारण प्रत्येक चार सैंकेंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हो रही है। उन्होंने बताया कि नशे की रोकथाम के लिए हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गठन किया गया है। ब्यूरो द्वारा पिछले 11 माह में 3471 अभियोग अंकित किए गए हैं। जिसमें 4670 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है। नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के साथ साथ उनके सहयोगियों को भी सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों के भीतर देश प्रेम की भावना को सृजित किया। महान स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद ऊधम सिंह जयंती पर उन्हें विशेष रूप से वंदन करते हुए कहा कि क्या उन्होंने कभी सोचा होगा कि आज का युवा नशे में ग्रस्त होगा। उन्होंने कविता के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया।





**यमुनानगर।** यमुनानगर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंटावा में नशा से दूर रहने के लिए जागरुक करते हुए डॉ. अशोक व शपथ लेते हुए बच्चे।

**खबर संक्षेप**



### पूर्व प्रधानमंत्री को जयंती पर किया नमन

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भाजपा सुशासन दिवस के रुप में बूथ स्तर पर मना रही है। इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें याद किया। इस मौके पर जोगी धर्मशाला प्रधान सरदारा राम, फौजी कॉलोनी प्रधान संजीव सिंह उर्फ सनी, प्रवीण, गौरव, राजेंद्र सिंह, करमजीत, लीला यादव उपस्थित रहे। संजीव ने कहा कि अटल जी ने परमाणु परीक्षण करके देश की सीमाओं को सुरक्षित व मजबूती प्रदान की।

### कंप्यूटर व सिलाई कोर्स में दाखिले शुरू

**कुरुक्षेत्र।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये जिला रेड क्रॉस भवन, कुरुक्षेत्र में सरबत दा भला ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के कंप्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण कोर्स के नए बैच के लिए प्रवेश आरंभ हो चुके हैं। समाजसेवी गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि कंप्यूटर तथा सिलाई प्रशिक्षण कोर्स दोनों के नए बैच के लिए दाखिले आरंभ हो चुके हैं।



### नालसा और हालसा की स्कीमों बारे दी जानकारी

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत और जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 दिसंबर से जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और इन जागरुकता शिविरों का आयोजन 31 दिसंबर तक लगातार किया जाएगा। इन शिविरों में डीएलएसए द्वारा नालसा और हालसा की विभिन्न स्कीमों पर आमजन को जानकारी देकर जागरुक किया।

## भाजपा नेताओं संग मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया

# सीएम व सांसद ने गुरु साहिबान की शहादत को किया नमन

**समागम कार्यक्रम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब को माथा टेका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| !!!

इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी, हरियाणा के मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने छोटे साहिबजादे बाबा फतेह सिंह व बाबा जोरावर सिंह तथा गुरु साहिबानों की कुर्बानियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और समागम कार्यक्रम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब को माथा टेका। यहां पर सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा व हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को तलवार व सरोपा भेंट किया। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने गुरु साहिबान की शहादत को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से ही पूरे देश में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रुप में मनाया जाने लगा है। गुरु साहिबान ने देश और समाज की रक्षा करने के लिए अपनी कुर्बानियां दी। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में छोटे साहिबजादों की शहादत को लेकर छटी पातशाही गुरुद्वारा साहिब में ऐतिहासिक समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की युवा पीढ़ी को गुरु साहिबान की शहादत को जानने और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में हरियाणा कमेटी के मेंबर बाबा बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि हमें साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके बलिदान को याद करते हुए सदैव अपने बच्चों को साहिबजादों के जीवन इतिहास की जानकारी देनी चाहिए। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक बख्शीश सिंह, हरपाल सिंह चीका व बीबी करतार कौर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समागम में मंच का संचालन गुरुद्वारा थड़ा साहिब झिंवरहेड़ी यमुनानगर के मैनेजर हरकीरत सिंह ने किया। कार्यकारिणी समिति मेंबर बीबी रविंदर कौर अजराना ने आए सभी अतिथियों एवं संगत का आभार जताया।



कुरुक्षेत्र। संगत को संबोधित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल। *फोटो : हरिभूमि*

### शिविर में 324 यूनिट रक्त किया एकत्रित

वीर बाल दिवस समागम में ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में लगाए गए रक्तदान शिविर में 324 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, महासचिव रमणीक सिंह मान, बाबा सुखा सिंह कार सेवा वाले, कार्यकारिणी समिति मेंबर बीबी रविंदर कौर अजराना, गुरबखश सिंह यमुनानगर, पूर्व विधायक बखशीश सिंह विर्क ने प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया।



कुरुक्षेत्र। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में आयोजित समागम कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री मनोहर लाल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान, जिला परिषद की अध्यक्ष कवंलजीत कौर, उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के महासचिव रमणीक सिंह मान, बाबा सुखा सिंह करनाल कार सेवा वाले, बाबा गुरमुख सिंह, बाबा दर्शन सिंह कार सेवा वाले, हरियाणा कमेटी की कार्यकारिणी समिति सदस्य बीबी रविंदर कौर अजराना, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा, बीबी करतार कौर, कार्यकारिणी समिति मैंबर गुरबखश सिंह यमुनानगर, हरियाणा कमेटी के मैंबर बाबा बलजीत सिंह दादूवाल, साहिब सिंह कैथल, सुखविंदर सिंह मंडेबर, गुलाब सिंह मुनक, सुखजिंदर सिंह तूर, टीपी सिंह, सुदर्शन सिंह सहगल, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, नरेंद्र सिंह गिल, तजिंदर सिंह मक्कड़, हरियाणा कमेटी के चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, नरेंद्र सिंह, निजी सहायक रूपिंदर सिंह, बलजीत सिंह , उप सचिव सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



### बच्चों ने देखी चार साहिबजादे फिल्म

**कुरुक्षेत्र।** ग्रैंड मां कॉटेज किड्स प्लेवे में बच्चों को चार साहिबजादे फिल्म दिखाई गई। बच्चो को अपने इतिहास से रूबरू करवाया गया। छोटे सहिबजादो के बलिदान को याद करते हुए विद्यालय के प्रबंधक राज पाहवा ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए शहीद हुए छोटे साहिबजादो की शहादत को हमे भूलना नहीं चाहिए। बस इसी इतिहास को बच्चो से आज रूबरू करवाया गया। प्राचार्या लवलीन पाहवा ने कहा कि विद्यालय अपने बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए तथा उन्हे अपनी धर्म और संस्कृति से जोड़े रखने का निरंतर प्रयास करता रहता है। सभी बच्चो ने इस फिल्म के माध्यम से छोटे सहिबजादो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चे व अध्यापिकाएं तथा अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।



### शहीद उधम सिंह को किया नमन

**कुरुक्षेत्र।** शहीद उधम सिंह जयंती पर किड्जी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ, सह संचालिका ज्योति खनेजा, सुनीता रानी, पूजा तथा फायर एंड सेफ्टी कुरुक्षेत्र के निर्देशक कैप्टन गुरमेल सिंह ने शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनकी वीरता को शत शत नमन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष वेटरन वायु योद्धा संस्था के जिला वारंट अफसर पवन सैनी, उपाध्यक्ष फ्लाइट लेफ्टिनेंट कर्म बीर सिंह भी मौजूद रहे। परमिंदर सिंह बाठ ने कहा शहीद उधम सिहं उस समय में आजादी के मतवालों के प्रेरणा स्त्रोत थे। जिस समय जनरल माइकल ओ ड्वायर ने जलियांवाला बाग में निहत्थे भारतीयों पर गोलियां चलाई थी, उस समय करीब 1500 बेकसूर निहत्थे लोग मारे गये थे । इसका बदला लेने के लिये शहीद उधम सिहं ने प्रण लिया और जनरल माइकल ओ ड्वायर को लंदन के कैक्सटन हाल में गोली से मार कर भारत माता के सपूत ने बदला लिया। जिसके लिए उन्हें 31 जुलाई, 1940 को पेंटनविल जेल में फांसी दी गई। परमिंदर सिंह बाठ ने यह भी कहा कि शहीद एक कॉम या समुदाय नहीं अपितु देश के लिए कुर्बान होते हैं। आज देश शहीद उधम सिंह जयंती पर उन्हें नमन करता है।

## 31 को होने वाली जनआक्रोश रैली के प्रति लोगों में भारी उत्साह : सुधीर

- जन आक्रोश रैली में उमड़ा जन सैलाब पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देग
- यह रैली प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय रचेगी



- प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई चरम सीमा पर, जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

हाथ से हाथ जोड़ो अभियान लाडवा के कोऑर्डिनेटर सुधीर चुघ ने दावा किया है कि 31 दिसंबर को लाडवा में होने वाली जन आक्रोश रैली के प्रति लोगों में भारी उत्साह है। जन आक्रोश रैली में उमड़ा जन सैलाब पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा। उन्होंने कहा कि लाडवा विधायक मेवा सिंह ने जिस तरीके से जन आक्रोश रैली को लेकर पिछले एक महीने से लाडवा हलके के प्रत्येक गांव में जाकर ग्रामीणों को न्यौता दिया है उसे निश्चित रूप से जन आक्रोश रैली प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय रचेगी। उन्होंने कहा कि रैली विपक्षियों के लिए भी एक सबक सिखाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि जनक्रोष रैली को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान और राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा सहित कांग्रेस के दिग्गज नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि थानेसर हलके से काफी संख्या में युवा जन आक्रोश रैली में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में हालात बदतर हैं । प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई चरम सीमा पर है। बेरोजगारी के चलते युवा हताश हैं इसलिए युवा इस रैली में बढ़-चढकर भाग लेकर भाजपा सरकार की नीतियों को चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि जन आक्रोश रैली में इतनी भारी उमरी की रैली सभी पिछला रिकॉर्ड तोड़ देगी।

## जलवायु घड़ी संयोजन को लेकर किया जागरूक

- एनर्जी स्वराज फाउंडेशन आईआईटी बॉम्बे ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सीएसआईआर-केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन चंडीगढ़ द्वारा स्कूली छात्रों एवं शिक्षकों के लिए केंद्रीय वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, भारत के जिज्ञासा मिशन के तहत ऊर्जा साक्षरता प्रशिक्षण के भाग के रूप में राज्य स्तरीय जलवायु घड़ी संयोजन एवं प्रदर्शन का आयोजन गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सहयोगी के रूप में एनर्जी स्वराज फाउंडेशन आईआईटी बॉम्बे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन को कम करना व ऊर्जा जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि नगर परिषद की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर अपने कार्य को पूरी निष्ठा से करना चाहिए। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने एक कथा के माध्यम से छात्रों को वैज्ञानिक सोच व जिज्ञासु प्रवृत्ति अपनाने के लिए प्रेरित किया। सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़ की मुख्य वैज्ञानिक श्रीमती पूजा देवी ने विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन व उसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्लोबल वॉमिंग व प्राकृतिक आपदा से बचाव हेतु हमें अपने परिवार व समाज के लोगों को भी जागरूक करना होगा। आईआईटी बॉम्बे के प्रो .एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के संस्थापक और सोलर मैन ऑफ इंडिया के नाम से जाने जाने वाले डॉ०चेतन सोलंकी ने ऑनलाइन माध्यम से जलवायु घड़ी की आवश्यकता और ऊर्जा साक्षरता के महत्त्व पर प्रकाश डाला। वास्तव में यह कार्यक्रम भविष्य में सकारात्मक बदलाव की ओर महत्वपूर्ण कदम है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ तरसेम ने विद्यार्थियों को वैश्विक तापमान को कम करने हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## रेडक्रास सार्वभौमिक सिद्वांन्तों पर काम करने वाली संस्था : डा. मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय रेडक्रास समिति गीता ज्ञान संस्थानम में सात दिवसीय अन्तर्राज्जीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अलग-अलग राज्यों बिहार, जम्मू कश्मीर, उडीस़ा, मेघालय, नागालैंड, मध्य प्रदेश व हरियाणा के फरीदाबाद, चरखी दादरी, पानीपत, फतेहाबाद से 127 जूनियर्स व 23 काउंसलर्स भाग लें रहें है। रिसोर्स पर्सन सुबे सिंह व अमर रवीश ने प्रतिभागियों को योगा के महत्व के बारें बताते हुए कहा कि योग कर्मसु कौशलम्‌-जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हमें योगमयी होना चाहिए। उन्होनें प्रतिभागियों को प्राणायाम, कपालभाति, भस्त्रिका आदि का महत्व बताते हुये अभ्यास करवाया। शिविर का विधिवत उदघाट्न मुख्य अतिथि डा. मुकेश अग्रवाल, महासचिव, भारतीय रैडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ द्वारा रिबन काटकर व सर जीन हेनरी डयुनान्ट, स्वामी विवेकानन्द और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। डा. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रेडक्रास सार्वभौमिक सिद्वान्तो पर काम करने वाली संस्था है। स्वास्थय, सेवा, मित्रता को हम जीवन जीने की कला के रुप मे देखते है। कहा कि रेडक्रास के प्रशिक्षण षिविर मानवता, आपदा मे सहायता, रक्तदान, देहदान, अंगदान जैसे उद्वात मानवीय मूल्यो को जीवन मे धारण करने की कला सिखाते है।



## आज सरकारी अस्पतालों में ओपीडी रहेगी बंद

- डॉक्टर पहले भी दो घंटे के लिए ओपीडी सेवा बंद कर चुके हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के बैनर तले डॉक्टरों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा करने के समर्थन में 27 दिसंबर को ओपीडी सेवा बंद करने का ऐलान किया है। अपनी मांगों के समर्थन में डॉक्टर पहले भी दो घंटे के लिए ओपीडी सेवा बंद कर चुके हैं। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. प्रदीप नागर ने कहा कि अगर 27 दिसंबर को फैसला नहीं होता है, तो 29 दिसंबर को पूरी तरह अस्पताल में ओपीडी बंद रहेगी। आपातकालीन स्थिति में अगर मरीज आता है तो उसका भी चेकअप नहीं किया जाएगा। डा. प्रदीप नागर ने कहा कि मांगों को लेकर सरकार को पहले भी अवगत करवाया जा चुका है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। दो घंटे की हड़ताल पहले भी की जा चुकी है और काले बिल्ले लगाकर रोष भी व्यक्त किया गया है। एसोसिएशन की मांग है कि सरकार एसएमओ के पद पर सीधी भर्ती न करें, चौथी एसीपी का लाभ दिया जाए। सर्विस के दौरान पीजी बाड में छूट दी जाए। डॉक्टरों का अलग से कैडर बनाया जाए। 27 दिसंबर को ओपीडी बंद रहेगी लेकिन इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी। लेकिन 29 दिसंबर को पूरी तरह से शट डॉउन कर दिया जाएगा। इमरजेंसी सेवाएं पूरी तरह से बंद रहेंगी।

## सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्रिसमस- डे हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्रिसमस- डे बहुत हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आर.एस.घुम्मन ने बच्चों को संबोधित करते हुए की। उन्होंने बच्चों को क्रिसमस की महत्वता के बारे में बताया और कहा कि सबको प्रभु ईसामसीह द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने ईसामसीह की शिक्षाओं के बारे में भी बच्चों को बताया। इस अवसर पर नर्सरी से दूसरी तक के लगभग 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें ग्रुप डांस,कविता आदि प्रमुख थे। सांता क्लॉज और परियों की वेशभूषा में आए बच्चे सभी के आकर्षण का केन्द्र बने रहे। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम के बाद बच्चों को टॉफियों और बिस्कुट आदि का वितरण कर क्रिसमस की बधाई दी। मंच का संचालन मीनू और हरविंदर कौर ने बेखूबी निभाया। इस अवसर पर स्कूल उपप्राचार्य वीरेंदर सिंह, प्रबन्धक मनोज भसीन, रीतू सैनी, मोनिका सचदेवा, सतनाम कौर, मीरा, डिम्पल, आशा, कल्पना गोयल, कल्पना गुप्ता, अरुण रानी, लीना, बलजीत सिंह आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



शाहबाद। बच्चों को संबोधित करते प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन।

### शिविर में दंत चिकित्सकों ने 500 बच्चों के दांतों की जांच की

## दांतों की नियमित जांच जरूर करवाएं: डा. दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अग्रवाल डेंटर क्लीनिक द्वारा वीर अभिमन्यु सीनियर सैकेंडरी स्कूल अमीन में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में डा. दीपक अग्रवाल व डा. तान्या कक्कड़ ने 500 बच्चों के दांतों का चेकअप किया और उन्हें टूथब्रश व टूथ पेस्ट वितरित किए। डा. दीपक अग्रवाल ने कहा कि दांतों की सुरक्षा की ज्यादा जरूरत होती है। दांतों की सही देखभाल न होने के कारण उसमें दांत खराब होने के साथ-साथ मसूड़ों में गलन पैदा होने की समस्या होने लगती है। उन्होंने कहा कि यदि दांतों की सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे तो ऐसी बीमारियों को समय पर ही रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि दांतों की नियमित जांच करवानी चाहिए ताकि दांतों को बीमारियों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम रोजाना जिंदगी में दिन में केवल एक बार ही सुबह ब्रश करते हैं, जबकि खाना खाने के बाद भी हमें ब्रश करना चाहिए, क्योंकि खाने के कुछ पदार्थ हमारे दांतों के बीच रह जाते हैं जिनका बाहर निकलना बेहद जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि अगर खाने के अवशेष दांतों के बीच रह जाएंगे तो उसमें कीटाणु पैदा होकर हमारे दांतों को खराब करेंगे। इस मौके पर स्कूल मैनेजमेंट की ओर से डॉक्टरों की टीम को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर समूह स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। फ्री डेंटल चेकअप कैंप में बच्चों के दांतों की जांच करते डॉ. दीपक अग्रवाल। *फोटो : हरिभूमि*

### तुलसी पूजन से घर में सुख शांति व समृद्धि बनी रहती है: संदीप

लाडवा। शहर के विकास नगर वार्ड 5 में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं राम नाम प्रचार समिति द्वारा तुलसी पूजन का कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। जिसमें नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि श्री अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन व राम नाम प्रचार सेवा समिति द्वारा जो यह तुलसी पूजन कार्यक्रम करवाया गया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।



### देश को विकसित बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़े युवा पीढ़ी : डा. पवन सैनी

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। युवा पीढ़ी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेते हुए अपना योगदान दे। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा गांव-गांव मे पहुंच रही है। अब लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही मिल रहा है। कहा कि लोग संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री की लगी फोटो की सैल्फी लेकर अपलोड कर रहे है। इससे पता चलता है कि लोगों में काफी उत्साह है। पूर्व विधायक मंगलवार गांव जंदेड़ा व उंटशाल में विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्राओं में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि वे विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें।

